# कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जिला–सिवनी

नगर पालिका चौराहा, एन.एच.7 मार्ग, जिला–सिवनी (म.प्र.) 480661

Email Id : cmoseoni@mpurban.gov.in Phone : 07692221301


पत्र क्रमांक / 5988......../ भण्डार शाखा / न.पा.प / 2026 सिवनी, दिनांक 10/02/2026

## / / ई – निविदा आमंत्रण सूचना / /

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सिवनी में वाहन शाखा के अंतर्गत 01 नग डम्पर वाहन सफाई व्यवस्था किये जाने के लिए ई – निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है । ईच्छुक पंजीकृत फर्म / कंपनी नियत तिथि एवं समय में ई – टेडरिंग के माध्यम से ई – निविदायें दर प्रस्तुत कर सकते है ई – निविदा का विस्तृत विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है । निविदा में किसी प्रकार का संसोधन केवल बेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा ।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि व लागत | निविदा प्रपत्र शुल्क अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_481419 | **डम्पर वाहन 06 चक्के वाला** :– हेवी डयूटी कम्पनी के निर्धारित मापदण्ड अनुसार चेचिस पर डम्पर डाला का स्पेशिफिकेशन अनुसार डाला सहित वाहन 01 नग, (टाटा कंपनी, अशोक लीलेण्ड, एवं अन्य प्रतिष्ठित कंपनी को निर्धारित स्पेशिफिकेशन अनुसार, मापदण्ड अनुसार) | 30 दिवस 39.50 लाख | 5000 39,500 | 16/03/2026 |

नोट :– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in/बेबसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिवनी

**शर्तें :–**

(Amendment to Nit if any would be published on website only and not in newspaper)

1. निविदा प्रतियोगिता में सिर्फ सामग्री निर्माता / अधिकृत विक्रेता की ही दरें मान्य की जावेगी । गैर सामग्री निर्माता की दर स्वीकार नहीं की जावेगी ।
2. निविदा में अमानत राशि का भुगतान ऑनलाईन ही मान्य होगा । प्रथम लिफाफा (Envelope A) निर्धारित अमानत राशि की ऑनलाईन ट्रान्जेक्शन रिसीप्ट NEFT/RTGS प्रति, पेन, जीएसटी, 100 रू के स्टाम्प पर निर्धारित प्रारूप में एफिडेविट एवं जी.एस.टी. पंजीयन प्रति, आयकर रजिस्ट्रेशन प्रति, शपथ पत्र, 03 वर्ष का आयकर रिटर्न एवं व्यापार पंजीयन, देना आवश्यक है ।
3. आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. द्वारा जारी ऑनलाईन निविदा निर्देशों एवं म.प्र. शासन नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा । एवं किसी भी प्रकार से टेक्सों का वृध्दीकरण होने पर निकाय देनदार नहीं होगी ।
4. वाहन गुणवत्ता पूर्ण एवं समय सीमा में उपलब्ध कराया जाना होगा ।
5. निविदा समस्त शर्तें निविदा प्रपत्र अनुसार होगी । सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
6. सभी निविदाकारों की समस्त आईटमों की दर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । एवं समस्त दरें टेक्स सहित होनी अनिवार्य है ।
7. कार्य नगर पालिका अपनी आर्थिक स्थिति के आधार पर सामग्री क्रय करेगी इसके लिये किसी प्रकार का कारण बताया जाना आवश्यक नही होगा ।
8. ई – निविदा स्वीकृत करने अथवा ना करने का पूर्ण अधिकार सक्षम अधिकारी नगर पालिका परिषद सिवनी के पास सुरक्षित रहेगा।
9. किसी भी प्रकार के विवाद उत्पन्न होने पर नगर पालिका परिषद सिवनी का निर्णय अंतिम रूप से मान्य करना होगा ।
10. विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र उच्च न्यायालय जबलपुर होगा ।
11. ई – निविदा स्वीकृत होने पर शासन के आदेशानुसार निर्धारित राशि 1000/– के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध करना अनिवार्य होगा ।
12. ई – निविदा उपरांत सफल निविदाकर को अनुबंध निष्पादन के पूर्व 5 प्रतिशत अमानत राशि एफ.डी.आर. के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा । निर्धारित 05 प्रतिशत जमा अमानत राशि की वापसी एक वर्ष उपरांत वापिस की जावेगी ।

E Tender

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिवनी

# कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जिला–सिवनी

नगर पालिका चौराहा, एन.एच.7 मार्ग, जिला–सिवनी (म.प्र.) 480661

Email Id : cmoseoni@mpurban.gov.in Phone : 07692221301


13. निविदाकार को सामग्री की दरें समस्त करों (जीएसटी एवं अन्य) टेक्स सहित प्रस्तुत करना होगा । समस्त टेक्सों (जीएसटी एवं अन्य) का विवरण दस्तावेजों के साथ पृथक से संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
14. सभी सामग्री का गारंटर अवधि 01 वर्ष होगी । सभी सामग्री गारंटी समयावधि में किसी प्रकार की खराबी आने पर तत्काल सफल निविदाकार को सुधार करना होगा अथवा नवीन रूप से सामग्री बदलकर देना होगा ।
15. फर्म द्वारा सामग्री 30 दिवस के भीतर प्रदाय करने हेतु अनुबंध करेंगे ।
16 NSIC/DIC/DGCD OF GOVT. MP OR ANY SATATE/CENTRAL GOVT में पंजीयन संबंधी अभिलेख प्रस्तुत करना होगा । निर्माता को (1) ISO 9001:2015 (QMO) उच्च गुणवत्ता निर्धारण (2) ISO 14001:2015 (EMS) प्रदूषण नियंत्रण मानक (3) ISO 45001:2018 (OHSAS) वाहन परिचालन जोखिम इत्यादि तीनों प्रमाणित होना अनिवार्य है , सी.ई. सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।
17 शासन के श्रम कानून का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु ई.पी.एफ. व ई.एस.आई.सी. में पंजीकृत की प्रस्तुति अनिवार्य है ।
18 निविदादाता MSME में निर्माता कंपनी के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है ।
19 किसी भी शासकीय/अर्ध्दशासकीय विभाग में ब्लेकलिस्टेड फर्म/कंपनी अपात्र तो नहीं इस आशय का शपथ पत्र पृथक से निविदाकार को देना अनिवार्य होगा ।
20 स्वीकृत फर्म को वाहन का इंश्योरेंस एवं आर.सी. (आर.टी.ओ. से स्थायी पंजीयन) सहित वाहन उपलब्ध कराना होगा । इस हेतु निविदा दरें Nil Dep इंश्योरेंस एवं स्थाईं पंजीकरण की दर सम्मिलित कर प्रस्तुत करना होगा । जिसका पृथक से निकाय द्वारा भुगतान नहीं किया जावेगा ।
21 सामग्री थर्ड पार्टी इनपेक्शन रिपोर्ट शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी की रिपोर्ट पृथक से वाहन की दिया जाना आवश्यक है, रिपोर्ट प्राप्त न होने पर किसी प्रकार से वाहन का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा । वाहन नगर पालिका में पहुंचाकर देना होगा जिसका कोई व्यय निकाय द्वारा वहन नहीं होगा।

पृष्ठा. क्रमांक/5989/भण्डार शाखा/न0पा0प0/2026 सिवनी, दिनांक 10/02/2026

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान आयुक्त महोदय नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल म.प्र. की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।
2. श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला सिवनी की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।
3. संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, जबलपुर संभाग जबलपुर म.प्र. की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।
4. परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण सिवनी की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।
5. संभागीय कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर संभाग की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित
6. मैनेजर सिटी एसोसिएट, भोपाल की ओर विभागीय बेबसाईट में प्रकाशन हेतु प्रेषित ।
7. संपादक ............................................................... समाचार पत्र की ओर अपने समाचार पत्र में एक दिवस के लिये प्रकाशन हेतु प्रेषित । कृपया प्रकाशन उपरांत बिल के साथ समाचार पत्र की दो प्रति एवं शासन द्वारा स्वीकृत दर की सूची प्रस्तुत करें।
8. कार्यालय कलेक्टर/कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा.यां.वि. सिवनी/कार्यालय नगर पालिका परिषद सिवनी के सूचना पटल में चस्पा हेतु ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिवनी

Signature Not Verified
Digitally signed by VISHAL SINGH
Date: 2026.02.10 12:01:13 IST
Location: Madhya Pradesh-MP

E Tender